रविवार रात कपिलवस्तु महोत्सव में ब्रज की होली में मयूर नृत्य करती वंदनाश्री व उनकी टीम। इस भावप्रवण नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया।

ब्रज की होली के नाम रही महोत्सव की दूसरी शाम में गूंजे राधे-राधे के जयकारे

फूलों की होली पर दर्शक मुग्ध

आयोजन

सिद्धार्थनगर | कासं

कपिलवस्तु महोत्सव की दूसरी शाम वृंदावन के कलाकारों के नाम रही। ब्रज की होली कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर कलाकारों ने ब्रजधाम की छटा बिखेरते हुए कृष्ण की लीलाओं का वर्णन कर पूरे माहौल को कृष्णमय बना दिया। इस दौरान पूरा पंडाल राधे-राधे के जयकारों से गूंजता रहा।

वृंदावन से आई वंदना श्री व उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुतियों से ऐसा शमां बाधा कि लोग कार्यक्रम की समाप्ति तक अपनी कुर्सियों से चिपके रहे।

गुलाबी ठंड के बीच ब्रज के कलाकारों के कद्रदानों की कमी नहीं

रविवार की रात कपिलवस्तु महोत्सव में ब्रज की होली में मयूर नृत्य करती वंदनाश्री व उनकी टीम।

दिखी। मंच पर कलाकारों के पहुंचते ही लोगों ने तालियों से उनका जोरदार स्वागत किया। कलाकारों ने ब्रज वंदना के माध्यम से भगवान कृष्ण को याद किया। वंदना के दौरान सभी को ब्रज के माहौल से अवगत कराते हुए कृष्ण की लीलाओं को जीवंत बना दिया। कलाकारों ने ब्रज की की मशहूर डांडिया नृत्य के माध्यम से राधा कृष्ण की प्रेम लीलाओं का वर्णन करते हुए सभी को प्रेम का महत्व समझाया। कार्यक्रम में सबसे आकर्षण का केंद्र मयूर नृत्य व राधा कृष्ण की होली रही। मंच पर कालकारों के प्रदर्शन के दौरान लोग रोमांचित होते रहे। कलाकारों के मयूर नृत्य से हर कोई मंत्रमुग्ध दिखा। ब्रज की होली में फूलों की वर्षा कर रास रचा रहे राधा कृष्ण को फूलों से नहलाने के दृश्य को हर कोई अपने मोबाइल में कैद करने के लिए लालायित दिखा। स्नेहलता पाल, डीएम दीपक मीणा उनकी पत्नी मनीषा मीणा, सीडीओ पुलकित गर्ग, एडीएम उमाशंकर, एएसपी सुरेश चंद्र रावत, एलआईयू से रंजय सिह, सूचना अधिकारी विमलेश आदि मौजूद रहे।